

# टीकाकरण

टीकाकरण (इंजेक्शन या ओरल रूप में) बच्चों को खसरा, पोलियो, टिटैनस तथा टी.बी. जैसे रोगों से बचाव करता है।

टीकाकरण सरकार द्वारा सभी बच्चों को दी जाने वाली एक निःशुल्क सेवा है।

| टीकाकरण कार्यक्रम | |
|---|---|
| जन्म के समय (२४ घंटे के भीतर) | बीसीजी; ओरल पोलियो |
| ६ हफ्ते | डीपीटी; ओरल पोलियो |
| १० हफ्ते | डीपीटी; ओरल पोलियो |
| १४ हफ्ते | डीपीटी; ओरल पोलिया |
| ९-१२ महीने | खसरा; विटामिन ए |
| १६-२४ महीने | डीपीटी; ओरल पोलियो (प्रेरक ख़ुराक); विटामिन ए |
| २४ महीने से लेकर ६० महीने, एक ख़ुराक हर ६ महीने पर (कुल ७ ख़ुराक) | विटामिन ए |
| ५ वर्ष | डीटी |
| १० वर्ष | टीटी |
| १६ वर्ष | टीटी |

प्रभावी टीकाकरण के लिए टीका सही उम्र पर सही ख़ुराक में और सही अंतराल में दिया जाना चाहिए।

यह भी आवश्यक होता है कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण की पूरी ख़ुराक दी जानी चाहिए।



ग्रामीण स्वास्थ्य तथा
पोषण दिवस

आशा माता-पिताओं को टीकाकरण के सही समय के बारे में बताएगी तथा माँ तथा बच्चे को ग्रामीण स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस के लिए उन्मुख करेगी।

ग्रामीण स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस ऐसा दिन है जब ए.एन.एम. आंगनवाड़ी का दौरा करती है और न केवल टीकाकरण उपलब्ध कराती है, बल्कि अन्य सेवाएं भी प्रदान करती है।

ग्रामीण स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं में शामिल हैं:

- बच्चों के लिए टीकाकरण
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व की देखभाल
- योग्य दंपत्तियों को परामर्श तथा परिवार नियोजन की सेवाएं
- आवश्यकता पड़ने पर छोटी बीमारियों का बुनियादी ईलाज और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक के पास भेजना
- प्रमुख स्वास्थ्य विषयों पर सूचनाओं का आदान-प्रदान



Integrated Child Development Services
National Rural Health Mission

Mother and Child Protection Card

Photograph of Mother & Child

**Family Identification**

Mother's Name ____________ Age ____
Father's Name ____________
Address ____________
Mother's Education: illiterate/primary/middle/high school/graduate

**Pregnancy Record**

Mother's ID No. ____________
Date of the last menstrual period __ / __ / __
Expected date of delivery __ / __ / __
No. of pregnancies/ previous live births __ / __
Last delivery conducted at: Institution ☐ Home ☐
Current delivery: Institution ☐ Home ☐
JSY Registration No. ____________
JSY payment Amount ____ Date __ / __ / __

**Birth Record**

Child's Name ____________
Date of Birth __ / __ / __ Birth Weight ____ kgs ____ gms
Girl ☐ Boy ☐ Birth Registration No: ____

**Institutional Identification**

AWW ____________ AWC/Block ____________
ASHA ____________ ANM ____________
SHC / Clinic ____________
PHC / Town ____________ Hospital / FRU ____________
Contact Nos. ANM ____________ Hospital ____________
Transport Arrangement ____________

AWC Reg. No ____ Date ____ Sub-centre Reg. No ____ Date ____

Referral ____

Ministry of Women & Child Development, Government of India
Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

माता-पिता जब भी बच्चे को टीकाकरण के लिए ले जाएं, तब उन्हें बच्चे का टीकाकरण कार्ड साथ ले जाना चाहिए और अद्यतन करवाना चाहिए। इस कार्ड को अद्यतन करवाने में आशा उनकी मदद करेगी।



सर्दी-जुकाम या बुखार रहने की स्थिति में भी बच्चों का टीकाकरण किया जा सकता है।




टीकाकरण के बाद यदि बच्चे में निम्न में से कोई लक्षण दिखाई पड़े तो माता-पिता को उसे पी.एच.सी./एफ.आर.यू.को दिखाना चाहिए।

- बच्चा ३ घंटे से अधिक समय तक लगातार रोता रहे।
- बच्चे का उनींदा रहना, ऐंठन दिखाई पड़ना या अचेत रहना।
- तेज बुखार।

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन